प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 14.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो के सोमेश चंद्र सोरेन की जीत, भाजपा के बाबूलाल सोरेन को 38 हजार 5 सौ 24 मतों के अंतर से किया पराजित।**
2. **बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की रिकार्ड जीत पर झारखंड भाजपा ने मनाया जश्न, कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास और सुशासन पर जनता ने लगाई मुहर।**
3. **राज्य स्थापना दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर कल रांची में राज्यस्तरीय समारोह में राज्यपाल होंगें मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री कई योजनाओं की देंगे सौगात।**
4. **नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आज से आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में झारखंड को मिला फोकस राज्य का दर्जा, राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ाने की होगी पहल।**
5. **रांची में दो दिवसीय झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का कल होगा आगाज 55 स्वर्ण पदकों के लिए छह सौ कराटेकारों के बीच होगा मुकाबला।**

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने जीत हासिल की है. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन को **38 हजार 5 सौ 24** मतों के अंतर से पराजित किया। झामुमो प्रत्याशी को कुल **एक लाख चार हजार 7 सौ 94** मत मिले, वहीं बाबूलाल सोरेन को **66 हजार 270** मतों से संतोष करना पड़ा। झामुमो प्रत्याशी ने इस जीत के लिए जनता को धन्यवाद दिया है।

****

उधर, बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए रिकॉर्ड जीत की ओर अग्रसर है। अबतक मिले परिणाम और रुझानों के अनुसार एनडीए दो सौ एक सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, वहीं महागठबंधन को मात्र 36 सीटों पर ही आगे है।

इधर, बिहार विधानसभा में एनडीए की शानदार जीत पर झारखंड भाजपा में भी जश्न का माहौल है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए के काम और उनके वादों पर अपनी मोहर लगा दी है।

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में केहा कि यह विकास और सुशासन की जीत है।

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने एनडीए को बंपर जीत के लिए बिहारवासियों को बधाई दी है.

****

झारखंड राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ कल मनाई जाएगी। इस सिलसिले में राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में दोपहर बाद दो बजे से राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मौजूद रहेंगे, जबकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस अवसर पर लगभग छह हजार करोड़ रुपए की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन– शिलान्यास करेंगे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस समारोह की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

****

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्यभर में कल कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर खूंटी जिले में उलिहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा के गांव में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव शामिल होंगे।

****

राज्य के सरकारी तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में फर्जी जाति, आवास और आय प्रमाण पत्र के आधार पर प्रवेश के मामलों की जांच होगी। मुख्यमंत्री ने इस बाबत अंतर विभागीय समिति गठित करने का निर्देश दिया है।

****

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आज से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाले इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में झारखंड फोकस राज्य के रुप में हिस्सा ले रहा है। मंत्री सुदिव्य कुमार ने बताया कि इस अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड का एक पेवेलियन लगाया गया है, जहां निवेशकों को झारखंड में निवेश के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया जाएगा।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में जलछाजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

सीसीएल के रांची स्थित मुख्यालय में खदानों में विस्फोटकों और विस्फोटन प्रौद्योगिकी के उपयोग में नवीनतम प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर आज से दो दिवसीय संगोष्ठी शुरू हुई। इस संगोष्ठी का मकसद खनन क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करना है।

****

रांची में दो दिवसीय झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का आगाज कल होगा। इस चौंपियनशिप में 55 स्वर्ण पदकों के लिए छह सौ कराटेकार हिस्सा लेंगे। इसके तहत 15 नवंबर को सब जूनियर स्पर्धाएं तथा 16 तारीख को कैडट, जूनियर तथा सीनियिर खिलाड़ियों की स्पर्धाएं होंगी। वहीं, कराटे इंडिया और स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन की ओर से आज से रामगढ़ में दो दिवसीय रेफरी, जज औऱ कोच सेमिनार तथा परीक्षा की शुरूआत आज हुई।

****